SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703 Academic session 2024-25
WORKSHEET 4
(PT 4 – TERM 2)

Std : 7

SUBJECT : Hindi

Prepared by: Suman Yadav

Ls. 17 अव्यय या अविकारी शब्द

Prepared date: 21/12/2024

विकारी शब्द- लिंग वचन कारक आदि के कारण जिन शब्दों का रूप परिवर्तित हो जाता है उन्हें विकारी शब्द कहते हैं यह चार प्रकार के होते हैं संज्ञा, सर्वनाम विशेषण ,क्रिया।

अविकारी शब्द- लिंग, वचन, कारक आदि के कारण जिन शब्दों में कोई भी परिवर्तन नहीं आता, उन्हें अविकारी शब्द कहते हैं।

इनकी संख्या चार है-

१)क्रिया विशेषण-जो शब्द क्रिया की विशेषता बताते हैं उसे क्रिया विशेषण कहते हैं जैसे धीरे-धीरे बोला करो शेर बहुत जोर से दहाड़ता है। आदि

क्रिया विशेषण के भेद—

क)कालवाचक -जिन शब्दों से क्रिया के होने के समय का ज्ञान हो,उसे कालवाचक क्रिया विशेषण कहते हैं ।जैसे - परसों मुझे मसूरी जाना है। सदा सत्य बोलना चाहिए।

ख)स्थानवाचक -जिस शब्द से क्रिया के स्थान का बोध होता है, अर्थात क्रिया कहाँ घट रही है ,उसे स्थान वाचक क्रिया विशेषण कहते हैं ।जैसे - अमित भाटिया ऊपर बैठा है । हितेन पास ही बैठा है।

ग)परिमाण वाचक-जो शब्द क्रिया के परिमाण अथवा नापतोल का बोध कराता है, किसी वस्तु की मात्रा को निश्चित करता है ,उसे परिमाणवाचक क्रिया विशेषण कहा जाता है।

जैसे- छोटे बच्चे बहुत रोते हैं । राहुल बिल्कुल बेपरवाह है।

घ)रीति वाचक-जिन क्रिया विशेषण के द्वारा क्रिया की रीति, ढंग या तरीके का बोध होता है यानी पता चलता है कि कोई क्रिया किस प्रकार हो रही है ,उन्हें रीतिवाचक क्रिया विशेषण कहा जाता है ।जैसे- -तुम धीरे-धीरे चला करो ।

चीता तेज दौड़ता है।

२)संबंध बोधक-जो अव्यय शब्द, संज्ञा या सर्वनाम के बाद आकर उनका संबंध वाक्य के दूसरे शब्दों के साथ प्रकट करते हैं ,उन्हें संबंध बोधक अव्यय कहा जाता है ।

जैसे - के पहले ,के अंदर, की ओर ,के द्वारा ,के उल्टे, के अनुसार, के कारण ,से हटकर, के तक आदि।

३)समुच्चयबोधक-जो शब्द दो शब्दों, वाक्यांश अथवा वाक्यों को जोड़ें, उन्हें समुच्चयबोधक या योजक कहा जाता है ।

जैसे- और, एवं, या, परंतु ,किंतु लेकिन, वरना, ताकि।

४)विस्मयादिबोधक-जो शब्द हर्ष ,शोक ,आश्चर्य ,घृणा आदि भाव को प्रकट करते हैं ,उन्हें विस्मयादिबोधक कहा जाता है। जैसे- वाह!हे राम !छिः !आदि

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए |

क. क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्द क्या कहलाते हैं? i.

ख. क्रियाविशेषण किसके अंतर्गत आते हैं ? ii.

ग. क्रियाविशेषण मुख्यतःकितने प्रकार के होते हैं?

घ . जो पद, क्रिया किस ढंग से हुई, किस तरीके या रीति को अपनाया गया आदि को बताएँ, वे कहलाते हैं

ङ . क्रियाविशेषण किनकी विशेषता प्रकट करते हैं?

च . जो पद क्रिया के घटने के स्थान को बताएँ, वे कहलाते हैं।

छ . जो क्रियाविशेषण क्रिया की मात्रा या परिमाण बताएँ, उन्हें

SUB.TEACHER **HOD** CO ORDINATOR PRINCIPAL